तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 29 जनवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 लावातरा विद्यालय के बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी



10 राजा परीक्षित ने प्रभु की शरणागति पाने सुनी श्रीमद्...



## खबर संक्षेप

### नगर पंचायत बेरला के व्यय संपरीक्षक में बदलाव

**बेमेतरा।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2024-25 के तहत व्यय अनुवीक्षण कार्य हेतु नगर पंचायत बेरला के लिए व्यय संपरीक्षक में बदलाव किया गया है। कार्यालयीन आदेश के अनुसार संतोष वर्मा, सहकारिता विस्तार अधिकारी, जिन्हें पहले नगर पंचायत बेरला का व्यय संपरीक्षक नियुक्त किया गया था, को अब अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी बेरला के रूप में नई जिम्मेदारी दी गई है। संतोष वर्मा के स्थान पर रिजर्व से महेन्द्र कुमार टेकाम, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, सहकारिता विभाग बेमेतरा को नगर पंचायत बेरला का नया व्यय संपरीक्षक नियुक्त किया गया है।

### शराब के साथ 26 हजार का सामान जब्त

**भिलाई।** अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर संदेही वार्ड 11 आवंती बाई चौक भाठापारा कोहका निवासी तरूण निषाद और मोह. शोएब को पकड़ा गया।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने फिर कुछ प्रतिष्ठानों पर मारा छापा, लिए सैंपल

# अमानक स्तर के निकले खाद्य पदार्थों के 6 नमूने न्यायालय ने लगाया साढ़े 16 लाख का जुर्माना

**खास बातें**

- खाद्य पदार्थों और खाद्य तेलों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जा रही कार्रवाई
- कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर लिये गए खाद्य तेलों के नमूने



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार जिले में खाद्य पदार्थों और खाद्य तेलों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सख्त कार्रवाई जारी है।

इस क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर खाद्य तेलों के नमूने संकलित किए हैं। सरसों तेल की गुणवत्ता की जांच के लिए विशेष तौर पर प्रतिष्ठित विक्रेताओं से नमूने लिए गए हैं, जिसमें जय सुपर बाजार से लाल गुलाब कच्ची घानी सरसों तेल और नेहल सुपर बाजार से पतंजलि कच्ची घानी सरसों तेल के नमूने शामिल हैं। इन नमूनों को खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में भेजा गया है, जहां जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता में किसी प्रकार की समझौता न हो, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। परीक्षण उपरांत अमानक खाद्य पदार्थों के मामलों को न्यायालय में प्रस्तुत कर संबंधित फर्म संचालकों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

### फर्म संचालकों पर जुर्माना

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा पूर्व में की गई जांच में 06 मामलों में अमानक स्तर के खाद्य पदार्थ पाए गए थे, जिन पर न्यायालय ने कुल 16,50,000 रुपये का अर्थदंड लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार श्री मुरारी फेमिली रेस्टॉरेंट एण्ड स्वीट्स, नवागढ़ चौक, बेमेतरा बिना अनुज्ञप्ति संचालन करने पर 4 लाख रुपये का जुर्माना। मंडेला स्वीट्स, बेमेतरा अमानक मिठाई बनाने पर 3 लाख रुपये का जुर्माना। स्वाति एरकॉन प्रा. लि., कारेसरा अमानक रेडवाइन भण्डारण पर 5 लाख रुपये का जुर्माना। रामेश्वरी ट्रेडर्स, कण्डरका मिथ्याछाप धनिया पाउडर बेचने पर 1 लाख रुपये का जुर्माना। अपना ढाबा, पिकरी, बेमेतरा अवमानक ग्रेवी बनाने पर 3 लाख रुपये का जुर्माना। अश्वनी किराना पड़कीडीह में अवमानक अरहर दाल विक्रय पर 50 हजार रुपये का जुर्माना।







### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए दूसरे दिन कई अभ्यर्थियों ने भरा नामांकन

- सरपंच और पंच पदों के लिए जोर-शोर से चल रही नामांकन प्रक्रिया



**बेमेतरा।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत नाम निर्देशन पत्र जमा करने के दूसरे दिन 28 जनवरी को जनपद पंचायत बेमेतरा कार्यालय में जनपद सदस्य पद के लिए कुल 33 नामांकन फार्म लिए गए। इनमें निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 02 छिरहा से 01, क्षेत्र क्रमांक 15 ढ़ारा से 02, और क्षेत्र क्रमांक 20 कंतेली से 01 नामांकन जमा किए गए। वहीं सरपंच और पंच पद के लिए विभिन्न सेक्टरों में नामांकन जारी है। सेक्टर क्रमांक 01 छिरहा से 11 पंचायतों में सरपंच पद हेतु 12 और पंच पद हेतु 39 नामांकन जमा हुए। इसी प्रकार, सेक्टर क्रमांक 02 उमरिया से 05 ▶▶| शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप

### राज्यपाल के सचिव बने प्रसन्ना

**रायपुर।** राज्य शासन ने राज्यपाल के सचिव पद पर सीआर प्रसन्ना की नियुक्ति की है। उन्हें सचिव सहकारिता के प्रभार के साथ राज्यपाल के सचिव का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। राज्यपाल के सचिव रहे यशवंत कुमार को सचिव ग्रामोद्योग के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव संसदीय कार्य विभाग, संचालक ग्रामोद्योग, एमडी हथकरघा विकास एवं विपणन संघ मर्यादित, एमडी छग खादी ग्रामोद्योग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। एस प्रकाश को सचिव परिवहन विभाग का प्रभार सौंपते हुए आयुक्त परिवहन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### ज्योति को पीएचडी

**रायपुर।** ज्योति शर्मा को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने साइंस कॉलेज के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुरेंद्र पटेल के निर्देशन में एवं डॉ. विनोद पटले के सह निर्देशन में अपना शोध कार्य पूर्ण किया। उनके शोध का विषय डिजाइनिंग नेटवर्क लाइफटाइम अवेयर रूटिंग प्रोटोकोलस फॉर आईओटी सिस्टमस था।

### दाऊजी काम्प्लेक्स बोरियाखुर्द में फहराया तिरंगा

**रायपुर।** गणतंत्र दिवस पर बिल्डिंग मटेरियल यूनियन संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा दाऊजी काम्प्लेक्स बोरियाखुर्द में ध्वजारोहण किया गया।

### पार्षद ने वार्ड में फहराया तिरंगा

**रायपुर।** सुभाष चंद्र बोस वार्ड बिरगांव, रायपुर के पार्षद संतोष कुमार साहू द्वारा गणतंत्र दिवस पर वार्ड के विभिन्न स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्र में झंडा वंदन किया गया, कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेमलता वर्मा, देवश्री बघेल एवं सहायिका निरा साहू, हिरामती साहू, दाउराम, विनोद साहू, ईश्वर बंजारे सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

### गोकशी के मामले में दो और गिरफ्तार

**रायपुर।** आजाद चौक स्थित मोमिन पारा में गोकशी मामले में पुलिस ने दो और लोगों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। गोकशी मामले में पुलिस ने सलीम तथा असलम खान को गिरफ्तार किया है। गोकशी मामले में पुलिस पूर्व में 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर चुकी है। गोकशी मामले में पुलिस ने अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि गो-सेवा समिति की शिकायत पर पुलिस ने नौ जनवरी को एक मकन में छापे की कार्रवाई करते हुए गो-मांस बेचते लोगों को गिरफ्तार किया था।

### ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा

**रायपुर।** लोगों से ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 318 (4) बी.एन.एस. जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि जेवरा सिरसा क्षेत्र के ग्राम बेलौदी में स्थित च्वाइस सेंटर में एक युवक पहुंचा था। जो खाते में पैसे की आवश्यकता होने का झांसा देकर 30 हजार रूपये के बदले 500 रूपये अतिरिक्त रकम देने की बात कहते हुए। प्रलोभन के चक्कर में आरोपी ग्राम जुगदेही वार्ड नं 11. पोस्ट सिलौटी थाना भखारा जिला धमतरी निवासी हुपेश साहू के खाते में रुपए ट्रांसफर किया। लेकिन रुपए नहीं लौटाया। इसके अलावा ग्राम चिखली के मोबाईल दुकान के संचालक से भी 200 रूपये अतिरिक्त रकम देने का झांसा देकर ऑनलाइन ट्रांसफर 20 हजार 500 रूपये अपने खाते में डलवाया।

## निधन

### नीलकुमारी बाई चंद्राकर



**अंडा।** ग्राम अंडा गुरुवार बाजार चौक निवासी नीलकुमारी बाई चंद्राकर उम्र 78 साल का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 28 जनवरी को ग्राम अंडा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे यादवेन्द्र चन्द्राकर की माता व दिपांशु चन्द्राकर की दादी थीं।

---

**प्रवचन**

**आम बगीचा दल्ली रोड बालोद में श्रीमद् भागवत कथा जारी**

# राजा परीक्षित ने प्रभु की शरणागति पाने सुनी श्रीमद् भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





आम बगीचा दल्ली रोड बालोद में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में व्यास पीठ से पंडित राजेश तिवारी ने कहा भगवान श्री कृष्ण के जन्म होने पर नंद बाबा ने तिल का 7 पहाड़ बनाकर दान किया था। उन्होंने कहा कि जब परीक्षित ने सूकदेव जी से पूछा, गुरुजी मेरे जीवन के कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। मेरी अंतिम इच्छा है कि मुझे प्रभु की शरणागति प्राप्त हो। अतः आप ऐसी कथाओं का वर्णन करें जिससे मैं शरणागति की प्राप्ति कर सकूं।

सुखदेव महाराज ने गजेंद्र मोक्ष की कथा बताते हुए कहा कि गजराज विशाल परिवार के साथ त्रिकूट पर्वत के तलहटी के मनोरम, प्राकृतिक छटा की सुंदरता, सुंदर सरोवर के पास बड़े परिवार सहित विहार किया करता था। विषय भोगों सेवन करते हुए अति आनंदित होकर एक दिन सरोवर के भीतर घुसकर जल विहार करने लगा। सरोवर के भीतर एक मगर ने उसका पैर पकड़ लिया। अपने आप को बचाने के लिए परिवार के समस्त सदस्यों को बार–बार बुलाया, लेकिन कोई उसे बचाने के लिए नहीं आया। अंत में प्रभु की शरणागति प्राप्त करने के लिए नारायण भगवान का स्मरण किया। नारायण के आधा अक्षर नारा ही बोल पाया था, कि प्रभु उनकी रक्षा के लिए पहुंच गए। कथा को आगे बढ़ाते हुए छठवें मनवंतर, जिसमें देवताओं और दानवो के बीच सागर मंथन हुआ। सागर मंथन से 14 रत्न की प्राप्ति हुई थी। समुद्र मंथन करने की आवश्यकता क्यों पड़ी तो कहा कि देवताओं को दुर्वासा ऋषि ने श्राप दिया था जिसके कारण देवताओं की सारी संपत्ति धन दौलत समुद्र में चली गई थी। सागर मंथन में प्रभु को तीन अवतार धारण करना पडा कच्छप, धनवंतरी, मोहिनी, सागर मंथन से प्राप्त अमृत पिलाकर देवताओं को अजर।अमर बना दिया।

### कृष्ण जन्मोत्सव में झूमे श्रद्धालु

द्वापर युग में भगवान कृष्ण का जन्म माता देवकी के आठवें संतान के रूप में कारागार में हुआ था। माता देवकी कंस की बहिन थी, कृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध कर धर्म की स्थापना की। श्री कृष्ण के जन्म में उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर होकर जन्म उत्सव में भाग लिए। नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की आयोजक की ओर से भंडारे की व्यवस्था की गई है जिसमें श्रद्धालु भक्त भोजन प्रसादी पा रहे हैं। पंडित राजेश तिवारी द्वारा श्री कृष्ण एवं सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए कहा कि आत्मिक भाव से की गई मित्रता ज्यादा परिपक्व होती है। रामायण में भगवान राम एवं सुग्रीव की मित्रता का वर्णन करते हुए, बताया कि मित्र सच्चा मित्र वही है, जो गलत रास्ते से हटाकर सही रास्ते पर ले आए। अपने दुख को गौण रखकर मित्र के दुख को बड़ा समझ कर सहायता करना। तभी मित्रता सफल कही जा सकती हैं।

---

# निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए निर्धारित की गई तिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ उप जिला निर्वाचन अधिकारी कौशिक ने जारी किए आदेश

जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले में निर्वाचन कार्य निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक संपादन सुनिश्चित कराने निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी–कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए तिथि निर्धारित की गई है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने आदेश जारी कर प्रशिक्षण के लिए सर्व रिटर्निंग आफिसर एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर को आवश्यक दिशा–निर्देशन दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार वाहन प्रभारी का प्रशिक्षण 29 जनवरी को दोपहर 03 बजे से शाम 5.30 बजे तक संबंधित नगरीय निकाय स्थल पर किया जाएगा। जिसके प्रशिक्षण अधिकारी संबंधित नगरीय निकाय एवं जनपद स्तर के मास्टर ट्रेनर्स होंगे। इसी तरह नगरीय निकाय स्तर के मास्टर ट्रेनर्स (मतदान प्रक्रिया) का प्रशिक्षण 30 जनवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में किया जाएगा। जिसके प्रशिक्षण अधिकारी एनके यादव एवं विजय देवांगन होंगे। त्रिस्तरीय पंचायत स्तर के मास्टर ट्रेनर्स (मतदान प्रक्रिया) का प्रशिक्षण 30 जनवरी को दोपहर 03 बजे से शाम 06 बजे तक जिला पंचायत सभाकक्ष में किया जाएगा। जिसके प्रशिक्षण अधिकारी जिसके प्रशिक्षण अधिकारी एनके यादव, दिलीप साहू, शडेन्द्र देशमुख एवं विजय देवांगन होंगे।

पीठासीन अधिकारी पी–1 का प्रशिक्षण (प्रथम प्रशिक्षण) 01 फरवरी एवं पी–2, पी–3 का प्रशिक्षण (प्रथम प्रशिक्षण) 03 फरवरी को सुबह 11 बजे से शाम 04 बजे तक संबंधित नगरीय निकाय स्तर पर किया जाएगा। जिसके प्रशिक्षण अधिकारी संबंधित नगरीय निकाय स्तर के मास्टर ट्रेनर्स होंगे। मतपत्र मुद्रण, चिन्हित प्रति (नगरीय निकाय) का प्रशिक्षण 04 फरवरी को सुबह 11 बजे से शाम 02 बजे तक संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में किया जाएगा। जिसके प्रशिक्षण अधिकारी एनके यादव एवं विजय देवांगन होंगे। ई.व्ही.एम. मशीन का कमीशनिंग का प्रशिक्षण 04 फरवरी को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में किया जाएगा। जिसके प्रशिक्षण अधिकारी एनके यादव एवं विजय देवांगन होंगे। ईडीबी (चुनाव कर्तव्य मतपत्र) का प्रशिक्षण 05 फरवरी को सुबह 11 बजे से शाम 02 बजे तक संबंधित नगरीय निकाय स्तर में किया जाएगा। जिसके प्रशिक्षण अधिकारी संबंधित नगरीय निकाय स्तर के मास्टर ट्रेनर्स होंगे।

पीठासीन अधिकारी एवं पी–1 का प्रशिक्षण (द्वितीय प्रशिक्षण) 06 फरवरी को एवं पी–2, पी–3 का प्रशिक्षण (द्वितीय प्रशिक्षण) 07 फरवरी को सुबह 11 बजे से शाम 04 बजे तक संबंधित नगरीय निकाय स्तर पर किया जाएगा। जिसके प्रशिक्षण अधिकारी संबंधित नगरीय निकाय स्तर के मास्टर ट्रेनर्स होंगे। पीठासीन अधिकारी पी–1 का प्रशिक्षण (प्रथम प्रशिक्षण) 08 फरवरी को एवं पी–2, पी–3 का प्रशिक्षण (प्रथम प्रशिक्षण) का प्रशिक्षण 09 फरवरी को सुबह 11 बजे से शाम 04 बजे तक संबंधित जनपद पंचायत स्तर पर किया जाएगा। जिसके प्रशिक्षण अधिकारी संबंधित जनपद पंचायत स्तर के मास्टर ट्रेनर्स होंगे। मतपत्र मुद्रण एवं चिन्हित प्रति (त्रिस्तरीय पंचायत) का प्रशिक्षण 10 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक संबंधित जनपद पंचायत स्तर पर किया जाएगा। जिसके प्रशिक्षण अधिकारी संबंधित जनपद पंचायत स्तर के मास्टर ट्रेनर्स होंगे। पीठासीन अधिकारी पी–1 का प्रशिक्षण (द्वितीय प्रशिक्षण) का प्रशिक्षण 13 फरवरी एवं पी–2, पी–3, पी–4 का प्रशिक्षण (द्वितीय प्रशिक्षण) 14 फरवरी को सुबह 11 बजे से शाम 04 बजे तक संबंधित जनपद पंचायत स्तर पर किया जाएगा। जिसके प्रशिक्षण अधिकारी संबंधित जनपद पंचायत स्तर के मास्टर ट्रेनर्स होंगे। मतगणना नगरीय निकाय (प्रथम प्रशिक्षण) 13 फरवरी एवं मतगणना नगरीय निकाय (द्वितीय प्रशिक्षण) 14 फरवरी को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में किया जाएगा। जिसके प्रशिक्षण अधिकारी एनके यादव एवं विजय देवांगन होंगे।

---

# भीमाटोला में लगा निशुल्क योग शिविर



**डौंडीलोहारा।** विकासखंड डौंडीलोहारा के वनांचल में स्थित ग्राम भीमाटोला (रेंगाडबरी) में गणतंत्र दिवस के अवसर पर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर आयोजित किया गया। एससीईआरटी रायपुर छत्तीसगढ़ व योग आयोग से प्रशिक्षित शिक्षक पीलू राम साहू प्रतिदिन विभिन्न आसनों का अभ्यास करवा रहे हैं। इसके तहत प्रातः प्रार्थना, इंजन दौड़, सर्वांग पुष्टि, उत्कूर्दन, रेखा गति, यौगिक जौगिग सूर्य नमस्कार प्रज्ञायोग व्यायाम खड़े होकर ताड़ासन वृक्षासन बैठकर, वज्रासन मंडूकासन शशकासन पेट के बल लेटकर धनुरासन मकरासन शलभासन पीठ के बल लेटकर सेतुबंधासन पवनमुक्तासन सर्वांगासन शवासन, भस्त्रिका प्राणायाम कपालभांति प्राणायाम बाह्य अनुलोम-विलोम प्राणायाम भ्रामरी प्राणायाम, शीतली शीतकारी प्राणायाम,सिंहासन हास्यासन व ध्यान करवाया गया। शिविर में कुल 80 बच्चों ने भाग लिया।

# मुख्यमंत्री साय ने लाला लाजपत राय की जयंती पर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की 28 जनवरी को जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि लाला लाजपत राय जी का जीवन देश के लिए समर्पण, बलिदान और संघर्ष का प्रतीक है।

उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अंग्रेजी साम्राज्य के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। मुख्यमंत्री श्री साय ने लाला लाजपत राय जी के स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि लाला जी ने स्वाधीनता के लिए संघर्ष करते हुए अपने प्राणों की भी परवाह नहीं की।

लाला जी ने कहा था 'मेरे शरीर पर पड़ी एक-एक लाठी ब्रिटिश सरकार के ताबूत में एक-एक कील का काम करेगी'। श्री साय ने कहा कि लाला जी की कही बात सच साबित हुई और उनकी शहादत ने आजादी की लड़ाई को एक नई दिशा दी।

---

# धर्मांतरण को लेकर मोवा में हंगामा, पास्टर सहित तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ घर में चल रही प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण कराने का आरोप



पंडरी थाना क्षेत्र के मोवा इलाके में धर्मांतरण को लेकर रविवार को जमकर बवाल हुआ। हिंदू संगठनों के विरोध के कारण पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया, जिनमें तीन के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जेल दाखिल किया है। आरोप है कि घर में प्रार्थना सभा की आड़ में लोगों को धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। धर्मांतरण कराए जाने की जानकारी मिलने पर भारी संख्या में हिंदू संगठन से जुड़े लोग मौके पर पहुंच गए और जमकर हंगामा किया। घटना की जानकारी मिलने पर भारी संख्या में पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराया। मोवा स्थित मितान विहार के घर में प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण कराए जाने के आरोप में पुलिस ने कीर्ति कुमार केशरवानी, जीवन साहू तथा एक अन्य को गिरफ्तार किया है। हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने आरोप लगाया है कि कीर्ति केशरवानी जो पास्टर है, अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर हर सप्ताह प्रार्थना सभा की आड़ में गरीब तथा भोले-भाले लोगों को झांसा देकर धर्म परिवर्तन करने के लिए मजबूर करते हैं। मौके पर पहुंचे हिंदू संगठन से जुड़े लोग नारा लगाते हुए प्रार्थना सभा की आड़ में धर्म परिवर्तन करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वसन देने के साथ ही मौके से आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया, इसके बाद माहौल शांत हुआ।

### बीच-बचाव करने वाले की पीट-पीटकर हत्या, तीन सगे भाइयों को कैद

**रायपुर ।** डीडीनगर थाना क्षेत्र में बीच-बचाव करने पर तीन साल पूर्व युवक की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में कोर्ट ने तीन सगे भाइयों को 10-10 वर्ष कैद के साथ नौ हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अतुल कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट में हुई है। लोक अभियोजक कैलाश आगाशे के मुताबिक 22 जून 2022 को राजा ठाकुर की हत्या के आरोप में रामावतार, रामू तथा किशोर साहू को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है।

### छत्तीसगढ़ की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

**रायपुर।** नई दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले में आयोजित हो रहे भारत पर्व 2025 में छत्तीसगढ़ की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र बन गई है। यह झांकी राज्य की समृद्ध जनजातीय परंपराओं और रामनामी समुदाय की विशिष्ट झलक को खूबसूरती से प्रस्तुत करती है। भगवान श्रीराम के प्रति अटूट भक्ति के लिए प्रसिद्ध रामनामी समुदाय इस झांकी का मुख्य आकर्षण है। उनकी अनोखी परंपराएं, संस्कृति और जीवनशैली दर्शकों को गहराई से प्रभावित कर रही हैं। छत्तीसगढ़ की झांकी में राज्य की सांस्कृतिक विविधता और पारंपरिक लोक जीवन को बड़े ही शानदार तरीके से दर्शाया गया है।

---

# मोबाइल एप के साथ थंब बायोमेट्रिक डिवाइस से ऑनलाइन अटेंडेंस





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ कलेक्टोरेट स्थित अधीक्षक कक्ष में लगा थंब बायोमेट्रिक डिवाइस सिस्टम

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट में अधिकारी-कर्मचारी अब ड्यूटी पर पहुंचने और कार्यालय छोड़ने के पहले ऑनलाइन अटेंडेंस लगा रहे हैं। इसके लिए प्रशासन ने मोबाइल पर एप डाउनलोड के साथ अधीक्षक कार्यालय में थंब बायोमेट्रिक डिवाइस की व्यवस्था की है। एप एंड्राइड और आइओएस मोबाइल पर डाउनलोड कर अपने आने और जाने के समय की उपस्थिति का सेल्फी कैमरे से फेस रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी के माध्यम से तस्वीर लेकर दर्ज करा रहे हैं, वहीं अधीक्षक कार्यालय में कर्मचारी पहुंचकर थंब मायोमेट्रिक डिवाइस से आने-जाने की उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों को ड्यूटी में सुबह 10 बजे पहुंचने और कार्यालय शाम 5.30 बजे छोड़ने के निर्देश दिए है। इस निर्देश के तहत अब कलेक्टर ने अधिकारियों-कर्मचारियों की आने-जाने के समय की उपस्थिति दर्ज कराने के लिए एप के साथ अधीक्षक कार्यालय में भी व्यवस्था की है। अधिकारियों का कहना है कि बायोमैट्रिक प्रणाली का मुख्य उद्देश्य सरकारी कार्यालयों में कार्यकुशलता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। इससे कर्मचारियों की उपस्थिति का सही आंकलन हो सकेगा और कार्यों की समयबद्धता तथा गुणवत्ता में भी सुधार होगा। यह प्रणाली पारदर्शिता को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगी। साथ ही यह प्रणाली डिजिटल भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी होगा। इस व्यवस्था के बाद अधिकारी-कर्मचारी सुबह 10 बजे अपने टेबल पर उपस्थित हो रहे हैं और प्रतिदिन आम जनता को उपलब्ध होकर उनके कार्यों और समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास कर रहें हैं। इस प्रणाली को कलेक्टोरेट में सुचारू रूप से लागू होने के बाद अन्य कार्यालयों में क्रमिक रूप से लागू किया जाएगा।

### मधुसूदन दास चौक में उत्कल समाज ने मनाया राष्ट्रीय पर्व

**रायपुर।** सामाजिक संस्था उत्कल विकास मंच द्वारा राजधानी रायपुर के हृदय स्थल मधुसूदन दास चौक में प्रतिवर्ष अनुसार उत्साह पूर्वक गणतंत्र दिवस मनाया गया। ध्वजारोहण जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता और सामाजिक नेता अधिवक्ता भगवानू नायक ने किया। इस मौके पर भगवानू नायक ने कहा कि संविधान देश के करोड़ों दबे, कुचले, पिछड़े, महिलाओं और आदिवासियों की ताकत है। भारत का संविधान विश्व का सबसे बेहतरीन संविधान है, संविधान के कारण ही आज भारत विश्व के पटल में अपनी एक नई पहचान बनाते हुए तेजी से आगे बढ़ा रहा है। ऐसे संविधान निर्माण करने वाले डॉ बाबा अंबेडकर और आजादी के आंदोलन में त्याग तपस्या और बलिदान देने वाले सभी महापुरुषों को कोटि कोटि नमन है। इसी प्रकार कार्यक्रम को उत्कल विकास मंच के अध्यक्ष बलमत महानंद, संगठन महामंत्री गोपाल बाग ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में नवीन नायक, बालमत महानंद, संगठन मंत्री, गोपाल बाग, राजाराम बाग, बालेश्वर सोना, सत्यानंद तांडी, महेश विभार, सदाशिव सोना, संजय सोन, सचिन बघेल, बैकुंठ सोना सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

---

# थाने में बिना सूचना दिए रह रहे 10 परिवारों को पुलिस ने हटाया





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में आचार संहिता के बीच पुलिस कानून व्यवस्था बनाए रखने पूरी तरह मुस्तैद है। इस बीच कोतवाली पुलिस ने ग्राम झलमला में बंजर स्थान पर झुग्गी झोपड़ी बनाकर रह रहे दूसरे राज्य के 10 परिवार के लोगों को वहां से हटा दिया है। पुलिस के अनुसार झलमला में ठहरे लोग बिहार के बताए जा रहे हैं, जो मुख्यतया मधुमक्खियों के छत्ते से शहद निकालकर बेचने का काम करते हैं। ये लोग बिहार से आकर झोपड़ी बनाकर लगभग दो सप्ताह पहले से झलमला में रह रहे थे। लेकिन इस बारे में संबंधित थाने में कोई सूचना नहीं दी गई थी। वहीं, ग्रामीणों की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने उन्हें तीन बार अल्टीमेटम भी दिया। लेकिन, नियम का पालन नहीं करने पर अंततः उन्हें वहां से हटाने की कार्रवाई की गई।

### ईओडब्लू की एफआईआर हरिभूमि ने किया था उसका खुलासा सिलसिलेवार

**रायपुर।** मोक्षित कार्पोरेशन को लाभ पहुंचाने के लिए सीजीएमएससी के अफसरों ने नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाईं। ईओब्डलू ने करीब 750 करोड़ के इस महाघोटाले में जिन बिंदुओं को शामिल किया है, उसका खुलासा हरिभूमि ने सिलसिलेवार किया था। घोटाला इतना बड़ा था कि ब्लड सैंपल कलेक्शन करने वाले 8.50 के ट्यूब को 2350 रुपए में खरीदा था। निजी लाभ और मोक्षित पर मेहरबानी के लिए गैर रीएजेंट 200 ऐसे हेल्थ सेंटरों में भिजवाया गया था, जिसकी वहां जरूरत ही नहीं थी। दवा खरीदी के नाम पर स्वास्थ्य विभाग में हुआ यह घोटाला ऐताहासिक है।

---

# ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए होगी अपार आईडी निर्माण की मॉनिटरिंग, दिक्कत के लिए हेल्पलाइन नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्कूली विद्यार्थियों के लिए तैयार किए जा रहे यूनिक आईडी नंबर अर्थात अपार के निर्माण में स्कूलों को कई तरह की दिक्कतें आ रही हैं। अब इसके निपटान के लिए ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च करने के साथ ही हेल्पलाइन नंबर जारी करने की भी तैयारी है। सीबीएसई द्वारा स्वयं से संबद्ध विद्यालयों को यह सुविधा दी जा रही है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने संबद्ध स्कूलों के छात्रों के लिए प्राथमिक पहचानकर्ता के रूप में अपार आईडी निर्माण के संदर्भ में एक नोटिस जारी किया है। यह नोटिस सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

जारी की गई इस आधिकारिक सूचना के अनुसार, स्कूलों में अपार आईडी का क्रियान्वयन छह चरणों में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, बोर्ड ने सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में अपार आईडी के निर्माण की निगरानी के लिए एआईएम अर्थात अपार आईडी मॉनिटरिंग नामक एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म भी लॉन्च किया है। इसके अलावा, सीबीएसई ने स्कूलों को किसी भी प्रश्न में सहायता देने के लिए एक टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-889-3511 भी शुरू किया गया है।




■ स्कूलों में छह चरणों में होगा अपार आईडी निर्माण

■ छात्रों के डिजिलॉकर अकाउंट से लिंक की जाएगी अपार आईडी

### प्रत्येक जानकारी का सत्यापन

छात्र डेटा सत्यापन के अंतर्गत स्कूल अधिकारी यूडीआईएसई पोर्टल पर छात्र के विवरण जैसे-नाम, जन्म तिथि और आधार संख्या, की सटीकता की पुष्टि करेंगे। स्कूल यूडीआईएसई पोर्टल का उपयोग करके अपार आईडी जनरेट करेंगे, जिसे छात्रों के डिजिलॉकर अकाउंट से सुरक्षित रूप से लिंक किया जाएगा। ऐसा होने पर अभिभावकों को पुष्टिकरण एसएमएस भेजा जाएगा। इसके बाद स्कूल छात्रों और अभिभावकों को अपार आईडी प्रदान करेंगे। यदि कोई विसंगतियां हैं, तो स्कूल अभिभावकों को सुधार के लिए कॉमन सर्विस सेंटर पर भेजेंगे।

### पालकों से लेनी होगी लिखित सहमति

इस छह चरणों के अंतर्गत सर्वप्रथम स्कूलों को एपीएएआर आईडी शुरू करने के लिए पीटीएम का आयोजन करना होगा, जिसमें वे अभिभावकों और छात्रों को इसके महत्व और लाभ के बारे में बताएंगे। स्कूलों को अभिभावकों को फिजिकल सहमति फॉर्म वितरित करने होंगे। अभिभावकों को इन फॉर्म पर हस्ताक्षर करने होंगे और अपार आईडी बनाने के लिए आधार विवरण का उपयोग करने के लिए अधिकृत करना होगा। गौरतलब है कि अपार आईडी एक 12 अंकीय पहचान संख्या है, जो प्रत्येक छात्र को प्रदान की जाएगी। इस अंक से विद्यार्थी के शैक्षणिक रिकॉर्ड की जानकारी सहजता के साथ जुटाई जा सकेगी।

## खबर संक्षेप



### झलमला में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**बालोद।** घोठिया चौक झलमला में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। जहां गांव के प्रमुख लोगों ने ध्वज फहराया।

### गणतंत्र दिवस पर शिकसा ने किया आनलाइन कार्यक्रम



**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर शिकसा नमन करे मातृभूमि को कार्यक्रम का आयोजन संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन, विजय कुमार प्रधान कार्यक्रम प्रभारी की उपस्थिति व टीकाराम सारथी प्राचार्य चुरतेली सक्ती व सलाहकार शिकसा की अध्यक्षता में किया। कार्यक्रम में चन्द्र कुमार चन्द्रा, चन्द्रकला शर्मा, विंध्यवासिनी पांडेय, शशिकला पाण्डेय, नैना साहनी, ओमप्रकाश डड़सेना, मदनलाल तोमर, लीलेश कुमार राजेश, श्यामलाल कोर्राम, रामकुमार पटेल, दुर्गा पाठक जोशी, रेखा पात्रे, विभान्शु शोरी, रामलाल कोसले, प्रियंका सिन्हा, संजय सिंह राजपूत, मनोहर लाल यादव, हेमराज निषाद, दीक्षा पाण्डेय, सरोज हरिप्रिय, कल्पना देवांगन, ओ.पी.कौशिक, राजीव लोचन कश्यप, वृंदा पंचभाई, गुंजन वार्ष्णेय, शशिकला ध्रुव, पुष्पांजलि ठाकुर, रीता राज सिदार, डॉ शालिनी श्रीवास्तव, सान्वी श्रीवास्तव कक्षा 3 ज्ञाभ, भुनेश्वरी धामड़े, डॉ संध्या केशरवानी, गायत्री सोनी, हरमन कुमार बघेल, हेमा चन्द्रवंशी ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन संगीता शोरी व आभार प्रदर्शन डॉ. शिवनारायण देवांगन ने किया।

### घर में मिली युवती की लाश



**डोंडी।** थाना क्षेत्र नर्राटोला गांव में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। बताया गया है कि उसके घर के कमरे में युवती की लाश मिली है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची डौंडी थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। मिली जानकारी के मुताबिक, युवती का नाम धनेश्वरी यादव पिता संतु यादव (उम्र 21 साल) था। मंगलवार सुबह जब धनेश्वरी के परिजन सोकर उठे तब उन्हें एक कमरे में उसकी लाश मिली। बताया जा रहा है कि मृतका के गले में चोट के निशान मिले हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। इस मामले में पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या या आत्महत्या का खुलासा हो सकेगा।

पर्व : सरपंच विजेंद्र ने फहराया राष्ट्र ध्वज तिरंगा

# दरगहन में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर

ग्राम पंचायत दरगहन में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। पंचायत भवन में सरपंच पंचगन एवं वरिष्ठ नागरिकों द्वारा भारत माता एवं वीर शहीदों के तैलचित्र पर पूजा अर्चना किया गया। जिसके बाद सरपंच विजेंद्र धुरव द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर सरपंच विजेंद्र ध्रुव, उप सरपंच कल्याणपुरी गोस्वामी, पंचायत सचिव त्रिवेणी साहू, पंचगन कमलेश्वरी साहू, परदेशी नेताम, अश्वनी बंजारे, जयराम कुंजाम, वेदान्तिन कोर्राम, गंगाबाई साहू, रितु चंद्रवंशी, टेमीन साहू, लेखनी नेताम, अश्वनी लावत्रे, गंगेश्वरी नेताम, बिंदिया कोर्राम, अनिता नागवंशी, अगेश्वरी ठाकुर, घसनीन नेताम, लोकेश्वरी, मंगतीन नेताम, रोजगार सहायक हुलेश पटेल, विक्रम यादव सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।





बड़भूम में गणतंत्र दिवस पर निकाली गई प्रभातफेरी

**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़भूम में गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शाला प्रांगण में प्राचार्य डीआर ठाकुर द्वारा राष्ट्रध्वज फहराया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने प्रभातफेरी निकाली। प्रभातफेरी ग्राम के प्रमुख चौक चौराहों से होकर निकाली गयी। इस अवसर पर शाला विकास समिति के सदस्य मेघनाथ सलाम, सहदेव हिडको, डॉ. ऋषि नेताम, शिक्षक चेतन बलेंद्र, व्हीके गंगराले, जेके धनंजय, पीटीआई महेंद्र कस्तूरिया व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### अंडा में थाना प्रभारी डॉ साव ने फहराया तिरंगा

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के थाना अंडा में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। गांधीजी के चित्र पर माल्यार्पण कर तिरंगा फहराया तिरंगा। इस अवसर पर थाना प्रभारी डा भानुप्रताप साव, उपनिरीक्षक तुलसी राम साहू, उपनिरीक्षक सहायक सुंदर लाल नेताम, प्रधान आरक्षक कौशलेंद्र बघेल, उत्तम साहू, भागवत, तेजेश्वर, भवानी, ओमप्रकाश, अजय चन्द्राकर, रूपेश कोमा, योगेश श्रीवास्तव, कुबेर, नितेश कुर्रे, संदीप कुर्रे, जस्मिका कुम्हारे, घनीता साहू, 112 गाड़ी के चालक दिनेश चन्द्राकर, जितेन्द्र सिन्हा, प्रमोद कोशे, ओमबाई साहू, गोलू चन्द्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।




### हीरापुर में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**बालोद।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला हीरापुर में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक बीडी गहरवार ने राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राकेश यादव ने किया। स्कूली बच्चों ने देशभक्ति पूर्ण नारों के साथ ग्राम के प्रमुख चौक चौराहों से गुजरते हुए प्रभातफेरी निकाली। इस अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षक–शिक्षिकाएं तथा नागरिक उपस्थित थे।

## पिछड़ा वर्ग ने फहराया तिरंगा, निकाली प्रभातफेरी




**अंडा।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन सहित विभिन्न समाज प्रमुखों ने खिलाड़ियों के साथ रावण भाटा दशहरा मैदान में तिरंगा फहराकर प्रभात फेरी निकाली। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने जन समूह को बधाई देते हुए कहा- संविधान का दुरुपयोग ना हो और सबको सत्ता और संगठन में स्थान मिले इसके लिए हमें मिलजुल करके काम करना है। उन्होंने जोर दे करके कहा- हमें सिख समाज से प्रेरणा लेनी चाहिए, जो दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य कर रहे हैं और अपने समाज के लोगों को नगरी निकाय पंचायत चुनाव में मदद करने के लिए जोर दे रहे हैं। ऐसा ही काम हम लोगों को भी करना चाहिए। हम किसी समाज के खिलाफ बोलकर पिछड़ा वर्ग को आगे नहीं बढ़ा सकते, बल्कि जो समाज अच्छा कार्य कर रहा है, उनसे प्रेरणा लेकर अपने समाज को आगे बढ़ा सकते हैं। इस अवसर पर साहू समाज प्रमुख घासीराम साहू, आदिवासी समाज प्रमुख सुरेश नेताम, कुर्मी समाज प्रमुख किशुन राम वर्मा, राज बिसेन, धोबी समाज के नगर अध्यक्ष वरुण निर्मलकर, नरेंद्र पटेल, साधुराम चौहान, भूखन लाल वर्मा, महेंद्र वर्मा, घनश्याम यादव, बादल निर्मलकर सहित अनेक लोगों ने समाज प्रमुखों का स्वागत कर पिछड़ा वर्ग के इस अभियान का समर्थन किया।



## स्लोगन, निबंध, चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले भर में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों को लेकर पुलिस प्रशासन व्यापक जन जागरूकता अभियान चला रही है। इस अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों, विशेषकर छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है इसी क्रम में मंगलवार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम शासकीय कन्या शाला में पुलिस विभाग एवं शिक्षा विभाग के सहभागिता से स्कूली बच्चों में यातायात जागरूकता लाने स्लोगन, निबंध, चित्रकला पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिले भर के छात्राओं ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया और यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

उक्त प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम से 35 बच्चे, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भैंसा से 03 बच्चे, स्वामी आत्मानंद विद्यालय राजा मोहगांव से 02 बच्चे, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा से 42 बच्चे, सरस्वती शिशु मंदिर बेमेतरा के 10 बच्चे, सेजस स्कुल सिंघौरी बेमेतरा से 14 बच्चे,एकेडमिक वर्ड स्कुल बेमेतरा से 01 बच्चे, इंडियन पब्लिक स्कुल बेमेतरा से 16 बच्चे, स्वामी आत्मानंद राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय से 14 बच्चे, इस प्रतियोगिता में कुल 137 बच्चे बच्चे प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुये।




बच्चों के द्वारा यातायात जागरूकता से संबंधित स्लोगन, निबंध, चित्रकला पेंटिंग एवं रंगोली बनाई गई। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन पर अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

### नियमों के साथ ही दी जा रही कानूनी जानकारी

आयोजन में यातायात प्रभारी उप निरीक्षक प्रवासी यादव, सहायक उप निरीक्षक भलेतिनुस पन्ना, प्रधान आरक्षक दुष्यंत ठाकुर, दौलत वर्मा, आरक्षक पारसमणी साहू, राजेश साहू, भुपेन्द्र राजपूत एवं अन्य स्टाफ व प्रिंसिपल कविता वाजपयी, शिक्षक पी.एस. राजपूत ,स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पुलिस विभाग ने बताया कि यह अभियान जिले के हाट-बाजारों, स्कूलों और कॉलेजों में निरंतर चलाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा सके और सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। बेमेतरा पुलिस का यह प्रयास जनहित में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ ही उन्हें कानूनी जानकारी भी उपलब्ध करा रहा है, जिससे जिले की सड़कों को सुरक्षित बनाया जा सके।

### घर वाले सोते रहे, 25 हजार के मोबाइल गहने ले उड़ा चोर

**बालोद।** रात के अंधेरे में घोठिया गांव के एक घर के आलमारी से मोबाइल समेत जेवर की चोरी हो गई। किसान के घर से लगभग 25 हजार 5 सौ रुपए के सामान की चोरी हुई है। मामले में 23 जनवरी को डौंडी थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम घोठिया निवासी किसान शेखन राम ने बताया कि हमारे घर मकान निर्माण का कार्य चल रहा है, जिस कारण एक तरफ बाउण्ड्री वाल टूटी हुई है। वहीं, 22 जनवरी रात को सभी घर परिवार वाले भोजन कर अपने अपने कमरे में सो गये थे, तभी रात को मेरी बहु विभूति को आलमारी खोलने की आवाज आई। मेरी बहु ने कमरे की लाईट चालू की, तब किसी अज्ञात व्यक्ति को भागते हुए देखा। मेरी बहु ने कमरे से बाहर निकल कर मुझे इसकी जानकारी दी। बहु के कमरे में जाकर आलमारी को खोलकर देखा, तो आलमारी में रखा हुआ सोने का मंगल सूत्र, चांदी की पायल, चांदी की अंगूठी एवं मोबाईल आलमारी में नहीं थे।

## लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में

■ समय–सीमा बैठक में कलेक्टर ने विभाग प्रमुखों को दिए निर्देश



आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने करकाभाटा स्थित शक्कर कारखाना के महाप्रबंधक से जिले में गन्ना के पैदावार बढ़ाने हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में भी जानकारी ली। चन्द्रवाल ने शक्कर कारखाना के महाप्रबंधक को इसके लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। जिससे कि करकाभाट स्थित शक्कर कारखाना के लिए समुचित मात्र में गन्ने की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। बैठक में चंद्रवाल ने जिला प्रशासन द्वारा आम जनता के मांगों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने हेतु शुरू की गई व्हाट्सएप्प चैटबॉट के माध्यम से प्राप्त मांगों एवं शिकायतों का भी तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी विभाग प्रमुखों को दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने विभागवार प्राप्त आवेदनों एवं उसके निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई की भी समीक्षा की। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन, छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंताओं के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## दुपचेरा में श्रीमद् भागवत कथा 12 से



**गुरूर।** ग्राम दुपचेरा में संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 12 से 20 फरवरी तक किया गया है। जिसमे कथावाचक रामकिंकर महाराज होंगे। कथा दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। कार्यक्रम की शुरुआत 12 फरवरी को कलश यात्रा, गणेश पूजा, गोकर्ण कथा के साथ होगी। 13 फरवरी को परीक्षित जन्म, वारह अवतार, सृष्टि विस्तार कथा होगा। 14 फरवरी को कपिल अवतार, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत कथा होगी। 15 फरवरी को अजामिल कथा, प्रहलाद चरित्र, समुद्र मंथन, वामन अवतार कथा होगी। 16 फरवरी को श्रीराम अवतार, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कथा, 17 को कृष्ण बाल लीला, माखन चोरी, 18 को गोवर्धन पूजा, रामलीला, रूखमणी कृष्ण विवाह कथा होगा। 19 फरवरी को सुदामा चरित्र, तुलसी वर्षा, चढ़ौत्तरी, शोभायात्रा, 20 फरवरी को गीता ज्ञान, हवन, कपिला तर्पण एवं भण्डारा का आयोजन किया जाएगा।

## जल संरक्षण व संचयन के लिए समुचित उपाय करें : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने लगातार तेजी से घटते भू–जल स्तर को देखते हुए जिले में जल संरक्षण एवं जल संचयन के लिए समुचित उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि जिलेवासियों को निकट भविष्य में पेयजल एवं निस्तारी हेतु पानी की प्रबंध की समस्या से जुझना न पड़े।



चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कृषि एवं अन्य संबंधित विभाग की अधिकारियों की बैठक लेकर उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में चन्द्रवाल ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से विकासखण्डवार जल संचय एवं जल संरक्षण हेतु किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंध के तहत किए जा रहे तालाब निर्माण, चेकडेम निर्माण, पूर्व में निर्मित चेकडेम के जीर्णोद्धार के कार्य, स्टॉप डेम निर्माण, कुआं निर्माण, सोकपिट आदि के निर्माण कार्य की विस्तृत समीक्षा की।

चन्द्रवाल ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के आधार पर जिले में जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग एवं जल संसाधन विभाग के संयुक्त टीम के द्वारा जल संचय एवं जल संरक्षण के उपाय बनाए गए कार्य योजना के क्रॉस चेक के संबंध में जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी को बुधवार 29 जनवरी को बालोद एवं गुरूर विकासखंड में प्रस्तावित कार्य योजना की जाँच कर उन्हें इसका रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने कृषि विभाग के अधिकारियों को जिले के किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल के उत्पादन के लिए प्रेरित करने हेतु किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली।

## बिजनेस साइट

### आरोग्यम क्लीनिक में कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ डॉ नमन पिंचा आज उपलब्ध

■ 1 फरवरी को नि: संतानता एवं स्त्री रोग शिविर

**भिलाई।** बेमेतरा जिले के नागरिकों के लिए खुशखबरी! शहर में आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक का शुभारंभ हो चुका है जहां अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और अनुभवी डॉक्टरों की टीम के साथ अंचलवासियों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार है।

इसी कड़ी में आज , जहां अंचल के सुप्रसिद्ध कान नाक गला रोग चिकित्सक डॉ नमन पिंचा आज अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। कान, नाक और गले से संबंधित बीमारियां जैसे कान में बार-बार आवाज सुनाई देना, कान में दर्द होना, कान में ध्वनि नहीं सुनाई देना, कान की संतुलन प्रणाली की बीमारी। कान में बैक्टीरिया या वायरस का संक्रमण। नाक की साइनस में संक्रमण,नाक में गांठें होना, नाक में बैक्टीरिया या वायरस का संक्रमण, नाक में एलर्जी के कारण होने वाली समस्या, गले में टॉन्सिल संक्रमण, गले में संक्रमण, स्वरयंत्र में संक्रमण। जैसी बीमारियों का उपचार एवं परामर्श दिया जाएगा। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक में विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञताओं के डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। जिसमेदिल्ली के प्रख्यात मस्तिष्क, नस एवम स्पाइन रोग विशेषज्ञ डा.कुलदीप सिंह, (महीने के चौथे रविवार) निः संतानता एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रैनी अग्रवाल (महीने के प्रथम एवं तृतीय शनिवार) जल्द ही अंचल के सुप्रसिद्ध मूत्र ,पथरी एवम प्रोस्टेट रोग विशेषज्ञ डा. नवीन राम दारुका, सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डा.आर के साहू,नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डा.नमन पींचा (प्रत्येक बुधवार) एवम चर्म , नाखून, बाल एवम गुप्त रोग विशेषज्ञ को सेवाएं दे रहे हैं। डॉ. मयूर राठी डेंटल केयर के बाजूनया बस स्टैंड के सामने, बेमेतरा मेडिकोज में आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक के शुभारंभ की खबर से बेमेतरा के लोगों में उत्साह है।

## गुरूर-टेकवाडीह मार्ग जर्जर



**गुरुर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ब्लॉक मुख्यालय से ग्राम ठेकवाडीह सड़क पहुंच मार्ग 3 किलोमीटर मार्ग जर्जर हो चुका है जहां मार्ग में डामर बाहर आ जाने से जगह–जगह गड्ढे हो चुके हैं, तो कहीं डामर की परत की जगह पत्थर नजर आ रही है। आपको बता दें कि यह मार्ग ब्लॉक मुख्यालय से ग्राम ठेकवाडीह पहुंच मार्ग 3 किलोमीटर है, जो कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई गई है। किंतु, पिछले लंबे समय से पुनर्निर्माण नहीं होने के चलते मार्ग की स्थिति खराब हो गई है। इसके कारण मार्ग में गुजरने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है, जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। उल्लेख है कि इसी मार्ग से होकर ग्राम दुपचेरा व ठेकवाडीह के ग्रामीण तहसील मुख्यालय पहुंचते हैं। स्कूली, कॉलेज के छात्र-छात्राएं इसी मार्ग से होकर पढ़ाई करने गुरुर पहुंचते हैं। जहां मार्ग के खराब होने के चलते स्कूली छात्र–छात्राओं को भी परेशानी उठानी पड़ रही है या यूं कहें कि कभी भी दुर्घटना घर सकती है। मार्ग पर पुल के पास 2 से 3 फीट गड्ढे हो गए हैं जहां कभी भी दुर्घटना कर सकती है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से सड़क के पुनर्निर्माण की मांग की है।



## खबर संक्षेप



### बाबा रामदेव से की भाजपा नेता शिवम ने मुलाकात

**बेमेतरा।** भाजपा नेता शिवम तिवारी ने बीते दिनों रायपुर पहुंचे योग ऋषि एवं पतंजलि प्रमुख बाबा रामदेव से सौजन्य मुलाकात की। भेंट पश्चात जनसेवक शिवम तिवारी ने कहा कि देश ही नहीं वरन संपूर्ण विश्व में बाबा रामदेव द्वारा योग के माध्यम में सैकड़ों असाध्य रोगों का निवारण किया जा रहा है। वही लोगो को निरोगी व स्वास्थ्य करने योग के विभिन्न आसन बतलाए जा रहे है।

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए अब तक 24 ने खरीदा नामांकन

**बालोद।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों के नामांकन की प्रक्रिया जारी है। रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र प्राप्त एवं जमा करने की अंतिम तिथि 03 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि 27 जनवरी को 12 अभ्यर्थियों और 28 जनवरी को 12 अभ्यर्थियों सहित कुल 24 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया है। इसमें से 01 अभ्यर्थी ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।

### गब्दी में श्रीमद् भागवत कथा कल से

**बालोद/निकुम।** ग्राम गब्दी के ग्रामीण व समाजसेवी भिखारी राम सिन्हा व धर्मपत्नी अमृत बाई सिन्हा परिवार द्वारा ग्राम गब्दी भाठापारा में 30 जनवरी से 07 फरवरी तक श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। संतोष सिन्हा ने बताया कि कथा व्यासपीठ पंडित चन्द्रप्रकाश दुबे रेंगाकठेरा राजनादगांवद्ध के श्रीमुख से संगीतमय कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक होगी।

### चुनाव कार्य के लिए लगाई गई ड्यूटी

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत प्रेक्षक मुख्य वन संरक्षक बांस मिशन आईएफएस एसआर वेंकटाचलम् के लाईजनिंग के लिए उप वनमंडलाधिकारी डिम्पी बैस (मोबाईल नंबर 9093281085) एवं संलग्नक अधिकारी एनके सिन्हा की ड्यूटी लगाई गई है।

पेज 9 का शेष

### त्रिस्तरीय पंचायत ...

सरपंच व 30 पंच, सेक्टर क्रमांक 03 खण्डसरा से 02 सरपंच व 17 पंच, सेक्टर क्रमांक 04 झाल से 04 सरपंच व 21 पंच, सेक्टर क्रमांक 05 चन्दनु से 02 सरपंच व 16 पंच, सेक्टर क्रमांक 06 बालसमुन्द से 03 सरपंच व 19 पंच, सेक्टर क्रमांक 07 जेवरा से 06 सरपंच व 27 पंच, सेक्टर क्रमांक 08 बावामोहतरा से पंच पद हेतु 05, सेक्टर क्रमांक 09 बेमेतरा 1 बी.पी.आर.सी. से 05 सरपंच व 38 पंच, और सेक्टर क्रमांक 10 बेमेतरा 2 से 05 सरपंच व 22 पंच नामांकन जमा हुए। नाम निर्देशन पत्र 03 फरवरी 2025 तक जमा किए जा सकते हैं। 04 फरवरी 2025 को नामांकन पत्रों की समीक्षा होगी और 06 फरवरी को नाम वापसी ली जाएगी, जिसके बाद प्रतीक चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। मतदान 17 फरवरी 2025 को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा।

### पर्व : धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस, हुए विविध कार्यक्रम

# लावातरा विद्यालय के बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेरला विकासखंड के ग्राम लावातरा में 76 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम के जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों, शिक्षकों एवं विद्यालयीन बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई तथा ग्राम के विभिन्न स्थानों पर संस्था प्रमुख एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।



इसके अंतर्गत सर्वप्रथम शासकीय हाईस्कूल लावातरा में संस्था प्रमुख रविशंकर देशलहरे, ग्राम पंचायत लावातरा में सरपंच सीताबाई कुर्रे, शासकीय पशु औषधालय में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक पोखन राम साहू, शासकीय डाकघर लावातरा में पूर्व सरपंच सरजू राम साहू, गांधी चौक में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक नेहरू साहू ,आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक - 2 में जनपद सदस्य मनोज साहू तथा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक -1 में सेवक राम साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति शासकीय हाई स्कूल लावातरा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। अंत में शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण लावातरा में वरिष्ठ प्रधान पाठक पुष्कर कुमार परगनिहा के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल पुरस्कार से पुरस्कृत शासकीय हाई स्कूल लावातरा के व्याख्याता भुवन लाल साहू को प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाईस्कूल टीचर स्टाफ द्वारा शाल, श्रीफल एवं मोमेंट से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्काउट मास्टर अनुज राम साहू व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल लावातरा के मार्गदर्शन में स्काउट गाइड के क्षेत्र में राज्यपाल प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों निहारिका साहू, वंदना साहू, दामिनी निषाद , सुमन साहू, पायल साहू, तुषार साहू तथा जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन शिविर में शामिल होने वाले वैष्णवी साहू, भावना साहू, मुकेश पाटिल और गजेंद्र साहू को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

विद्यालयीन बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन भुवन लाल साहू व्याख्याता व आभार प्रदर्शन पुष्कर कुमार परगनिहा प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लावातरा ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक हेमचंद साहू, प्राथमिक प्रधान पाठक ओंकार प्रसाद साहू, व्याख्याता शोभाश्विनी मेटिया, शहनाज खान, जमुना साहू, टीकाराम साहू, संकुल समन्वयक अब्राहम एक्का, वीणा देवी सारथी, दिनेश कुमार साहू , लीलेश्वरी ठाकुर, लोमिका साहू, हुलसी साहू के अलावा पंचगण कंचन साहू, अहिमन निषाद, कुमार पाटिल, राजेश साहू , अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शाला सीताराम साहू, पूर्व सरपंच साहेब दास कुर्रे, केहर सिंह साहू सचिव, ग्रामवासी दोजेंद्र साहू, गैंदराम धीवर, ललित साहू, बेदराम साहू, डोमार साहू , इंद्राणी साहू सहित बहुत अधिक संख्या में ग्राम के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

## खपरी धोबी स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला खपरी धोबी में गणतंत्र का पर्व धूमधाम से मनाया गया। पर्व को मनाने गांव के सभी लोग काम धंधे में नहीं गए और शाला में आकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रातः 07 बजे प्रभात फेरी बैंड बाजा के साथ निकाली गई। हर एक बच्चे के हाथ में तिरंगा झंडा रहा। विद्यालय की बेटियां भारत माता छत्तीसगढ़ महतारी, रानी लक्ष्मीबाई की वेशभूषा में आईं। विद्यालय के प्रधान पाठक धनेश रजक व शिक्षक चंद्रशेखर कश्यप ने सारे जहाँ से अच्छा हिंदुस्तान हमारा, भारत देश हमारा प्राणों से प्यारा गीत गाकर बच्चों को कोरस करा कर गांव गली भ्रमण किया।

प्रभात फेरी के बाद शाला प्रांगण में संस्था प्रमुख धनेश रजक, तारकेश्वर निर्मलकर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ग्रामीण जन सभी उनके साक्षी रहे। सभी पालकों का ग्रामवासियों का स्वागत सम्मान हुआ। उसके बाद बड़े ही जोश और उमंग के साथ बच्चों ने गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में भाग लिए और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। छत्तीसगढ़ की लोकगीत, जसगीत, विवाह गीत सहित विभिन्न गीतों पर बच्चों ने शानदार नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया।




### पालकों ने बच्चों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान पालकों ने बच्चों को सम्मानित किया और पुरस्कार के रूप में कुछ राशि पेन और कापी भी दी। प्रधान पाठक धनेश रजक ने सभी पालकों का आभार जताया। कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक शाला के अध्यक्ष मिथुन पटेल व पूर्व माध्यमिक शाला के अध्यक्ष बिरजू पटेल, गिरधारी निर्मलकर, राजेंद्र निर्मलकर, प्रदीप निर्मलकर, रामकुमार निर्मलकर गांव के समस्त पालक एवं आसपास गांव के दर्शक के रूप में जनमानस उपस्थित रहे। विद्यालय की सभी शिक्षक शिक्षिका तारकेश्वर निर्मलकर, चन्द्र शेखर कश्यप, रूखमणी सेन, विजयलक्ष्मी रावत उपस्थित रही। थुकेल राम तारम ने आभार व्यक्त किया।




## डिजनीलैंड नर्सरी स्कूल में मनाया गया धूमधाम

**बेमेतरा।** डिजनीलैंड नर्सरी स्कूल में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। स्कूल में ध्वजारोहण सामाजिक कार्यकर्ता व लींनेस क्लब प्रेरणा मेन रश्मि ताम्रकार ने कर गणतंत्र दिवस की बधाई दी । इस अवसर पर नन्हे बच्चों को मिष्ठान का वितरण किया गया। । कार्यक्रम में शशि तिवारी, कनकलता तिवारी, आरती साहू ,नीलम साहू,ममता ताम्रकार, नेहा वर्मा,स्कूल की प्रिंसिपल दीपा तिवारी सहित स्कूल के शिक्षक, स्टाफ, अभिभावक मौजूद रहे।

## पीएम सेजेस मारो में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन



**मारो।** पीएम सेजेस में गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया । गणतंत्र दिवस समारोह में नगर पंचायत प्रमुख धनलाल देशलहरे नरेंद्र साहू, संस्था प्राचार्या सरिता गुप्ता, वरिष्ठ व्याख्याता छेदु सिंह ठाकुर की उपस्थिति में सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर पूजा अर्चना के पश्चात ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई जो नगर के विभिन्न स्थानों जयस्तंभ चौक ,आंगनवाड़ी , प्राथमिक विद्यालय का भ्रमण किए । इस अवसर पर छात्रों द्वारा कविता एवं भाषण के माध्यम से गणतंत्र दिवस के इतिहास और महत्व को उद्घाटित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या सरिता गुप्ता ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को भविष्य में एक आदर्श नागरिक बनने एवं अपने विद्यालय व देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### वार्षिक उत्सव के तहत हुए विविध कार्यक्रम

# समाधान महाविद्यालय व आईटीआई में प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

समाधान महाविद्यालय एवं आईटीआई में वार्षिक उत्सव का आयोजन कराया गया। समिति की अध्यक्ष डॉ अलका तिवारी ने महाविद्यालय के प्रेरणा स्त्रोत एवं मध्यस्थ दर्शन सह-अस्तित्वाद के प्रणेता बाबा ए नागराज को याद करते हुए कहा कि उन्हीं की प्रेरणा से महाविद्यालय विद्यार्थियों को समझदार मानव बनाने के कार्य की ओर अग्रसर है।

महाविद्यालय के डॉ. अवधेश पटेल ने महाविद्यालय की उपलब्धियां बताई। कार्यक्रम के




मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष

बिशेसर पटेल ने कहा कि शिक्षा मानव की अनंत शक्ति को जागृत करने का नाम है। उन्होंने कहा कि वर्तमान शिक्षा भौतिक शिक्षा की ओर अग्रसर हो रही है, इसमें आध्यात्मिक की शिक्षा को जोड़ना अनिवार्य हैं, तभी शिक्षा सच्चे अर्थों में पूर्ण हो पाएगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर व शासकीय पीजी महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ.पी. पी.चंद्रवंशी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राकेश गुप्ता, मानव तीर्थ के संरक्षक डॉ. साधन भट्टाचार्य, सहायक प्राध्यापिका पूजा सिन्हा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस उपलक्ष्य में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही वार्षिक व सेमेस्टर परीक्षाओं में महाविद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को मेडल व प्रमाण-पत्र प्रदानकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन सहायक प्राध्यापक योगेश्वर सिन्हा व बीएड के छात्राध्यापक प्रांजल पाण्डेय, टिकेंद्र व छात्राध्यापिका रेवती साहू,रोहिणी नेताम व अन्नपूर्णा द्वारा किया गया।

# आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक के दौरान कलेक्टर ने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की और लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को जनहित से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी स्थानीय निर्वाचन के मद्देनजर सभी संबंधित अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के उल्लंघन की कोई भी घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करना होगा। कलेक्टर ने बैठक में स्पष्ट किया कि चुनाव प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी सरकारी विभागों को निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि आचार संहिता के लागू होने के बाद किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि या सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग की शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने निर्वाचन के दौरान सभी नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर निगरानी समितियों को सक्रिय करने और किसी भी प्रकार की अनियमितता की तुरंत जांच कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को आचार संहिता का पालन करना अनिवार्य है, और इसकी अवहेलना पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### आम जनता को भी करें जागरूक

कलेक्टर ने अधिकारियों से यह भी कहा कि जनता में जागरूकता फैलाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं, ताकि वे भी आचार संहिता के नियमों से अवगत रहें और किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे समय पर कार्यालय पहुंचकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि कार्यालय में उपस्थिति के नियमों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए, जिससे सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी न हो। बैठक मे एडीएम अनिल वाजपेयी सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे ।

# राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा के पूर्व बच्चों ने दिया मॉक टेस्ट

**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भरचट्टी विकासखण्ड बेरला में प्रत्येक सप्ताह राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा का ऑफलाइन आयोजन किया जा रहा है। कक्षा आठवीं में पढ़ने वाले 6 विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। परीक्षा में 100 प्रश्न पर आधारित तार्किक व विषय आधारित मॉक टेस्ट में मूल्यांकन ओएमआर शीट के माध्यम से लिया जा रहा है। बेरला ब्लॉक में इस वर्ष कुल 800 आवेदन जमा हुए हैं। ब्लॉक के शिक्षक राजेश यादव, सुरेंद्र पटेल, केवरा सेन ,जोगीराम वर्मा, ओमप्रकाश साहू एवं अधिकारियों के सहयोग से ऑनलाइन की तैयारी लगातार कराई जा रही है। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भरचट्टी में परीक्षा की तैयारी करवा रही शिक्षिका हीरकणी साहू ने बताया कि बच्चों की तैयारी शाला समय के अतिरिक्त समय देकर स्वयं के व्यय से बच्चों के लिए गाइड व प्रश्न पत्र उपलब्ध करवा रही हैं। उनके द्वारा ओएमआर सीट को समय पर कैसे भरना है सिखाया गया क्योंकि बच्चे समय पर प्रश्नों को पूर्ण नहीं कर पाते हैं। पालकों से चर्चा करके बच्चों को प्रेरित करने एवं साधन उपलब्ध कराने कहा गया है। बच्चों की तैयारी में शाला के सभी विषय शिक्षक नीलकंठ साहू, आशीष पांडेय एवं कमलेश्वरी सेन का सहयोग रहता है।



### कांग्रेस प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

**डौंडीलोहारा।** नगरीय निकाय चुनाव का बिगुल बजते ही राजनीतिक दलों में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। नगर पंचायत डौंडी लोहारा के सामान्य सीट के अध्यक्ष पद के लिए अनिल लोढा जैन ने अपना पर्चा दाखिल किया। कांग्रेस भवन से 11.00 बजे भव्य रैली डौंडी लोहारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनिला भेंडिया एवं पूर्व विधायक डोमेन्द्र भेंडिया की अगुवाई में जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर पार्षद प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 1 से अशोक चनाप वार्ड 2 से अनिता साहू, वार्ड 3 से ममता साहसी, वार्ड 4 से जुही सोनी,वार्ड 05 से रूकमणी मालेकर,वार्ड 06 से गुलाब भसाली, वार्ड 7 से राकेश सांखला,वार्ड 08 से झुमुकलाल कोसमा,वार्ड 09 से उप्पला कोसमे, वार्ड 10 से जुगरु बघेल वार्ड 11 से

### ग्राम पुसावड़ में मड़ई-मेला कल

**डोंडी।** ग्राम पुसावड़ में 30 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। इस उपलक्ष्य में रात्रि कार्यक्रम नवरंग छत्तीसगढ़ी लोक कला नाचा पार्टी ग्राम मौलीभाटा जिला नयापारा उड़ीसा का कार्यक्रम रखा गया है।

# रिटर्निंग आफिसर दिव्या ने मतदान केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं की ली जानकारी

हरिभमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के लिए जनपद पंचायत बेमेतरा में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन रिटर्निंग ऑफिसर दिव्या पोटाई द्वारा किया गया। बैठक में बेमेतरा जनपद के अंतर्गत आने वाले कुल 285 मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन की समीक्षा की गई।

इस समीक्षा के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं जैसे भवन, बिजली, पेयजल, शौचालय, रेम्प और मतदान केंद्र तक पहुंच मार्ग की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली गई। रिटर्निंग ऑफिसर ने निर्देश दिया कि जिन




मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाओं की कमी पाई गई है, उन्हें संबंधित विभाग द्वारा आगामी तीन दिनों के भीतर पूर्ण किया जाए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया निर्विघ्न रूप से संपन्न हो सके। बैठक के दौरान सभी सेक्टर अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिससे चुनावी तैयारियों की गहन समीक्षा संभव हो सकी।

इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनोज तिर्की ने भी बैठक में बताया कि शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित निर्वाचन के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। उनका मुख्य उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। इसके अलावा, बैठक में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (ए.आर.ओ.) नवीन कुमार, विरेन्द्र साहू और थाना प्रभारी राकेश साहू सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। निर्वाचन से संबंधित सभी तैयारियों को समय पर पूरा करने हेतु समन्वय के महत्व पर जोर दिया गया, ताकि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 को सफलतापूर्वक और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न किया जा सके।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

online Booking:-www.tripuryatra.com




रामेश्वरम् धाम यात्रा

28 जनवरी से 06 फरवरी 2025, 04 फरवरी से 13 फरवरी 2025, 11 फरवरी से 20 फरवरी 2025, 18 फरवरी से 27 फरवरी 2025, 25 फरवरी से 06 मार्च 2025, 18 मार्च से 27 मार्च 2025, 25 मार्च से 03 अप्रैल 2025, 08 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025, 06 मई से 15 मई 2025, 13 मई से 22 मई 2025, 20 मई से 29 मई 2025, 03 जून से 12 जून 2025,

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411